हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 21 जून 2024

तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 31.0 डिग्री

12 डायलसिस वार्ड में चिकित्सक न मिलने पर जांच के आदेश



12 योग की मुहिम को आगे बढ़ा रहें अमरनाथ



## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज मनाया जाएगा

**जींद।** भारतीय योग संस्थान श्री बनखंड महादेव जींद जिला इकाई द्वारा 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह 21 जून को रोहतक रोड पर श्री गुरु तेग बहादुर धर्मशाला में धूमधाम से मनाया जाएगा। समारोह में प्रमुख समाजसेवी डा. राजकुमार मुख्यअतिथि होंगे जबकि अध्यक्षता भारतीय योग संस्थान संस्थान के प्रदेश सह प्रवक्ता धर्मबीर दलाल के द्वारा की जाएगी।

### मारपीट कर जेवर लूटने के आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** ढांड में महिला की गर्दन पर पिस्तौल रखकर मारपीट कर जेवर लूटने के मामले की जांच थाना ढांड पुलिस के एसआई हरपाल सिंह की टीम ने आरोपी भुनारेहड़ी जिला पटियाला पंजाब निवासी टिंकू को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की 17 अप्रैल को बेटी को साथ लेकर रेलवे स्टेशन के पास कुछ काम गई थी।

### जिला केसरी का आयोजन 23 से

**जींद।** जिला खेल अधिकारी रामपाल ने बताया कि खेल विभाग द्वारा जिला स्तरीय कुश्ती अखाड़ा, जिला कुमार, जिला केसरी (पुरूष व महिला) का आयोजन 23 से 24 जून तक अर्जुन स्टेडियम में किया जाएगा। पहलवान की जन्मतिथि अंडर-17 के लिए जनवरी 2007 से मान्य होगी तथा अंडर-21 के लिए जनवरी 2003 से मान्य होगी।

### वाहन चोर दबोचा, दो चोरीशुदा बाइक मिली

**कैथल।** स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट द्वारा 1 आरोपी को काबू करके 2 चोरीशुदा बाइक बरामद की गई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि फ्रैंडस कॉलोनी कैथल निवासी सतीश की शिकायत अनुसार 1 जून को उसके घर के बाहर से उसकी बाइक अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया। जिस बारे थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज किया गया।

### मकान का टूटा ताला नकदी-16 पक्षी चोरी

**जींद।** गांव अमरहेड़ी में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर दस हजार रुपये की नगदी, 16 कबूतर व अन्य घरेलू सामान को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अमरहेड़ी निवासी मंगल सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चोर मकान के अंदर घुस गए कमरे का ताला तोड़ कर दस हजार की नकदी,16 कबूतर, सिलेंडर व अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### लाखों की ठगी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपियों पर शिकंजा कसते इकनॉमिक सैल पुलिस ने आरोपी पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ऋषि नगर कैथल निवासी परमेश की शिकायत अनुसार वह मार्च 2023 में गांव सांच निवासी मनजीत को कैथल में मिला था।

### महिला संदिग्ध हालात में लापता, अज्ञात पर केस

**जींद।** गांव कंडेला मायके से सुसराल के लिए निकली महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव कंडेला निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बहन लगभग दस दिनों से उसके पास आई हुई थी।

### इंग्लैंड भेजने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी

**कैथल।** युवक व युवती को इंग्लैंड भेजने के नाम पर दो महिला आरोपियों ने 10 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव सिरटा निवासी रोशन लाल ने सीवन थाना में शिकायत दी कि वह और उसका जानकार अनिल कुमार अपने बच्चों को विदेश भेजना चाहते थे।

## सीएम ने विधानसभा चुनाव जीतने के लिए दिया गुरूमंत्र

# विस चुनाव जीतने के लिए कड़ी मेहनत करें कार्यकर्ता : मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। सभी कार्यकर्ता रणनीति बनाकर विधानसभा चुनाव को जीतने के लिए धरातल पर कड़ी मेहनत करें। सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों का जन-जन तक पहुंचाएं। केंद्र की तर्ज पर हरियाणा में तीसरी बार बीजेपी की सरकार बनाएं। सैनी वीरवार को स्थानीय वृंदावन पैलेस में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। अपने संबोधन से जहां कार्यकर्ताओं में जोश भरा, वहीं विधानसभा को जीतने के लिए गुरूमंत्र भी दिया। कहा कि प्रदेश सरकार ने 9 वर्षों में अनेक प्रकार की जन कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। सरकार का ध्येय है कि पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ मिले, जिसको लेकर हम सबको काम करने की जरूरत है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व केंद्र सरकार ने अहम बड़े फैसले लिए हैं, जिनमें मुख्य रूप से धारा 370 को तोड़ना, तीन तलाक को खत्म करना तथा श्री राम मंदिर बनाना आदि शामिल हैं। इसके अलावा अनेक ऐसी योजनाएं बनाई गई है, जिसका सीधा लाभ लोगों को मिला है सीएम ने कहा कि आचार संहिता समाप्त होते ही प्रदेश सरकार ने हैप्पी कार्ड योजना लागू कर गरीब परिवारों को आवागमन की सुविधा प्रदान की है। वहीं प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के माध्यम से गरीब परिवारों के घरों को रोशन करने का काम किया है। इसके अलावा 100-100 वर्ग गज के प्लाटों का कब्जा दिलवाने का काम किया। जिन गांवों में जमीन नहीं है, वहां के पात्र लोगों को एक-एक लाख रुपये प्लाट खरीदने के लिए भी दिए जाएंगे, ताकि खुद का आशियाना बना सके। जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर लगाकर आमजन की समस्याओं को दूर किया जा रहा है। नो डयूज सर्टिफिकेट सहित कई योजनाओं में सरलीकरण किया गया है।

### जन-जन तक पहुंचाएं सरकार की कल्याणकारी नीतियां





**कैथल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित करते जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते मुख्यमंत्री। *फोटो :हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर पूर्व राज्य मंत्री एवं विधायक कमलेश ढांडा, विधायक लीला राम, हैफेड चेयरमैन कैलाश भगत, जिला प्रभारी मनीष यादव, मनीष कठवाड़, सुरेंद्र पुनिया, पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर, पूर्व विधायक दिनेश कौशिक, व पूर्व विधायक तराव सुरेंद्र सिंह, रवि तारांवाली,सुरेश राविश, अरूण सर्राफ, सुरेश गर्ग नौच, सुरेश संधु, राज रमन दीक्षित, भीम सैन, सुरेश क्योड़क, राजेश शर्मा, ज्योति सैनी, राममेहर कुराड़, राजेश बिढ़ान आदि मौजूद रहे।

### घर-घर जाकर लोगों से मिलें: गुर्जर

भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की उपलब्धियों तक जन-जन तक पहुंचाएं। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ता कड़ी मेहनत करते हुए घर-घर जाकर लोगों से मिलें और उन्हें सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दें। इसके अलावा यदि कोई समस्या है तो सीधे समाधान शिविरों के माध्यम से उनकी समस्याओं का हल करवाएं।



**जींद।** घरों के पास से गुजरती हाई वोल्टेज की तारें। *फोटो :हरिभूमि*

# तारों से हादसे के लिए निगम को ठहराया जाए जिम्मेदार

- संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

जींद विकास संगठन के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने कहा कि राज नगर में हाई वोल्टेज तारों से हुए हादसे के लिए बिजली विभाग को पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

इतना ही नही संबंधित अधिकारियों की सैलरी काट कर तीनों घायल को इलाज के लिए पांच-पांच लाख रुपये आर्थिक सहयोग भी दिया जाना चाहिए। राजकुमार गोयल हादसे में घायल राजेंद्र का हालचाल जानने नागरिक अस्पताल पहुंचे। उनके साथ राजकुमार भोला और मनजीत भोंसला भी मोजूद रहे। राजकुमार गोयल का कहना है कि बीते दिनों शहर के राज नगर क्षेत्र में मकानों के नजदीक से गुजर रही 11 हजार हाई वोल्टेज तारों के संपर्क में आने से दो नाबालिग व एक व्यक्ति बुरी तरह से झुलस गए थे। जिनमें से दो की हालात अभी भी गंभीर बनी हुई है। शहर में सिक्योरिटी का काम करने वाले राजेंद्र, उनका 16 साल का भांजा यश व 16 साल का साथी विकास उनकी राजनगर क्षेत्र में स्थित मकान के पास से गुजर रही 11 हजार वोल्टेज की बिजली लाइन की तारों के संपर्क में आने से बुरी तरह से झुलस गए थे। तीनों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जहां से गंभीर हालत को देखते हुए यश और विकास को रेफर कर दिया गया। अब इन दोनों का हिसार में इलाज चल रहा है।

# तेज हवाओं और बरसात से दिल्लूवाला में गिरा मकान

- बाल-बाल बचा परिवार, सरकार से मुआवजे की गुहार लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अलेवा



**अलेवा।** दिल्लूवाला गांव में दिखाई देता गिरा मकान। *फोटो :हरिभूमि*

बुधवार रात को तेज हवा व बारिश के चलते दिल्लूवाला गांव में बना मकान धड़ाम से गिर गया। हालांकि मकान गिरने से किसी जान माल का नुकसान नहीं हुआ है। मकान मालिक दिल्लूवाला निवासी जसविंद्र ने बताया कि गांव में उनके द्वारा मकान बनाया हुआ था। बुधवार रात को तेज हवा व बारिश के चलते अचानक से मकान गिर गया। हालांकि मकान गिरने से घर में सोये परिवार के किसी सदस्य को चोटें नहीं पहुंची है। मकान मालिक ने सरकार से गिरे मकान का सर्वे करवा नुकसान की भरपाई करने की मांग की है।

# निजी होटल को बंद करवाने के लिए लामबंद

- होटल को बंद नही करवाया तो करेंगे आंदोलन, जनवरी माह में भी दिया था दस दिन धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद



**जींद।** नरवाना रोड पर निजी होटल के खिलाफ रोष जताते कालोनीवासी।

शहर के नरवाना रोड पर रहने वाले लोगों ने निजी होटल को बंद करवाने के लिए फिर से लामबंद हो गए हैं। कालोनीवासियों ने डीसी को शिकायत देकर बताया कि होटल के नाम पर अश लाने का काम किया जा रहा है। कालोनीवासियों ने होटल संचालक पर अनैतिक कार्य और अश्लीलता परोसने के आरोप लगाते इसे बंद करवाने की मांग की है। जींद कल्या सेवा समिति एवं कालोनीवासी मोनू, विनोद कुमार, जगत सिंह आदि ने बताया कि नरवाना रोड पर निजी होटल काफी समय से खुला है जहां अनैतिक कार्य कई महीनों से चल रहे थे। स्कूल, कॉलेज के युवक व युवतियां गलत कार्य करने के लिए दिनभर यहां आते रहते हैं। कई बार यहां युवकों ने शराब पीकर हुड़दंग मचाने की घटनाएं हो चुकी हैं। जब भी कॉलोनी के लोग होटल में गलत कार्य का विरोध करते हैं तो बिल्डिंग मालिक और होटल कर्मचारी उसके साथ मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। यह होटल पुलिस प्रशासन की छवि को भी धूमिल कर रहे हैं। गत जनवरी माह में जब कालोनीवासियों ने होटल को बंद करवाने के लिए दस दिन तक धरना दिया था तो इस होटल को बंद करवा दिया गया था। अब एक बार फिर से इस होटल को खोल दिया गया है। मोनू ने बताया कि निजी होटल के फिर से खुलने आसपास का माहोल खराब हो गया है, जिसका असर उनके बच्चों पर पड़ रहा है। उन्होंने पुलिस से आह्वान किया है कि होटल को वहां से हटवाएं, जिससे बच्चों का भविष्य न बिगड़े। अगर होटल को बंद नही करवाया गया तो कालानीवासी आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# कैथलः ऑनर किलिंग केस में मृतक की माता गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

बहन की गोली मारकर हत्या करने के मामले की जांच डीएसपी गुरविंद्र सिंह ने करते गांव क्योड़क के 17 वर्षीय नाबालिग को नियमानुसार कार्रवाई करते निरूद्ध कर लिया तथा आपराधिक षडयंत्र में शामिल उसकी मां क्योड़क निवासी अमिता को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि नानकपुरी कालोनी कैथल निवासी अनिल की शिकायत अनुसार उसने इसी साल 6 फरवरी को क्योड़क निवासी कोमल के साथ प्रेम विवाह किया था। संदर्भ में कोमल के पिता श्याम सिंह ने शहर थाने में उसके खिलाफ केस कराया था। उसके बाद दोनों को सिरसा से बरामद किया गया था लेकिन कोमल उसके साथ रहने को ही तैयार थी। बाद में वे दोनों कोमल के परिजनों से संभावित खतरे को देखते शहर छोड़ चले गए। उसके बाद हाईकोर्ट से पुलिस सुरक्षा ली और सेफ हाउस कैथल में रहने लगे। इस दौरान कोमल के परिवार वाले उनके पास आते रहे और उन्होंने यह विश्वास दिलाया कि अब उन्हें उनकी शादी से कोई नाराजगी नहीं है। इसके बाद उन्होंने पुलिस सुरक्षा वापस कर दी और वे अपने घर आकर रहने लगे थे।

# 6.710 किलोग्राम चूरापोस्त सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

- एंटी नारकोटिक सैल ने आरोपित को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

नशा के दुष्प्रभाव बारे जागरूक करने के साथ साथ नशा मुक्त हरियाणा मुहिम तहत कैथल पुलिस द्वारा नशा तस्करों की धरपकड़ के लिए विशेष मुहिम चलाई जा रही है। जिसके तहत एंटी नारकोटिक सैल ने थाना शहर क्षेत्र से नशा तस्कर को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 6 किलो 710 ग्राम चूरापोस्त बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल के एएसआई मंजीत सिंह की टीम शाम के समय गश्त दौरान जींद बाईपास कैथल के पास मौजूद थी। जहां गुप्त जानकारी मिली कि गांव करोड़ा निवासी गुरजीत सिंह ट्रांसपोर्ट नगर कैथल स्थित अपनी दुकान पर ग्राहको को नशीला पदार्थ चुरा पोस्त बेचने का धंधा करता है। अगर फौरन दुकान पर दबिश जाए तो उसको चूरा पोस्त सहित काबू किया जा सकता है। सतर्कता व मुस्तैदी का परिचय देते पुलिस ने रेडिंग पार्टी का गठन कर उक्त दुकान पर दबिश देकर संदिग्ध गुरजीत उपरोक्त को काबू कर लिया गया। नियमानुसार कार्रवाई तहत एक्सईएन/टीएस एचवीपीएनएल परमवीर सिंह के समक्ष ली गई तलाशी दौरान आरोपी गुरजीत के कब्जे में एक प्लास्टिक कट्टा से 6 किलो 710 ग्राम चुरा पोस्त बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ थाना शहर में मामला दर्ज करके मौके पर पहुंचे चौकी अनाजमंडी कैथल पुलिस प्रभारी एएसआई संदीप कुमार द्वारा आरोपी गुरजीत को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा, जिससे पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है।

# स्टॉक मार्केट में निवेश का झांसा देकर लगाया 9.48 लाख का चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद



स्टाक मार्केट में निवेश का झासा देकर नौ लाख 48 हजार रुपये हडपने पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अर्बन एस्टेट निवासी ममता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि व्हाट्सअप पर आए मैसज के आधार पर उसने टेलीग्राम लोड कर आईडी बनाई थी। जिसमें उसे स्टॉक मार्केट में निवेश करने पर अच्छा मुनाफा बताया गया। जिस पर उसने अलग-अलग समय में स्टॉक मार्केट में नौ लाख 48 हजार रुपये का निवेश किया। जब उसने निवेश राशि को निकालने की कोशिश की तो कोई ऑप्शन नही मिला। जिसके साथ और राशि निवेश करने के लिए कहा गया।

जिस पर स्टॉक मार्केट के नाम पर उसे धोखाधड़ी का अहसास हुआ। साइबर थाना पुलिस ने ममता की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**सुविधा** कोर्स में लिडार, राडार, जीपीएस सर्वेक्षण, ड्रोन मैपिंग की एक साल तक मिलेगी ट्रेनिंग

# विवि में जियो इंफॉर्मेटिक्स विज्ञान में पीजी डिप्लोमा कोर्स प्रारंभ होगा

जियो इन्फॉरमेटिक्स विषय की प्राइवेट और सरकारी क्षेत्र में मांग : वीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय और स्काइलाइन जियो इंफॉर्मेटिक्स संस्था रोहतक के बीच समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस समझौते के तहत विश्वविद्यालय में जियो इंफॉर्मेटिक्स विज्ञान में पीजी डिप्लोमा कोर्स शुरू किया जाएगा। जो विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के तहत रहेगा। भूगोल विभाग के इंचार्ज डां सितेंदर मलिक ने बताया कि विभाग इस कोर्स के लिए पिछले एक साल से प्रयासरत था। जिसमें आज सफलता प्राप्त हुई है। इस पूरी प्रक्रिया में कुलपति डा. रणपाल सिंह के निर्देशन का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस मौके पर विभाग की और से डीन रिसर्च डा. अनुपम भाटिया, स्काइलाइन जियो इंफॉर्मेटिक्स संस्था की तरफ से निदेशक अजय पूनिया, अकेडमिक निदेशक अजय देशवाल मौजूद रहे।

### दक्षता बढ़ने में होगा सहायक

सीआरस कुलसचिव डा. रणपाल सिंह ने कहा कि जो कोर्स विद्यार्थियों को सक्षम बनाते हैं या नौकरी दिलवाने में सहायक हैं, विश्वविद्यालय इस प्रकार के कोर्स को शुरु करने के लिए सदैव तत्पर है। जियो इन्फॉरमेटिक्स विषय की प्राइवेट और सरकारी दोनों क्षेत्रों में बहुत अधिक मांग है। भूगोल विषय की वर्तमान में बहुत अधिक मांग है और विद्यार्थी इस विषय को प्राथमिकता देते हैं। यह कोर्स विभाग और विद्यार्थियों दोनों की ही दक्षता बढ़ने में सहायक होगा।

### एक साल का होगा कोर्स

भूगोल विभाग के इंचार्ज डां सितेंदर मलिक ने बताया कि इंडस्ट्री में जियो इंफॉर्मेटिक्स में पारंगत विद्यार्थियों की मांग बहुत अधिक है। इस कोर्स की अवधि एक साल रहेगी। जिसमें पढ़ने वाले विद्यार्थियों को आधुनिक विज्ञान जिसमें लिडार, राडार, जीपीएस सर्वेक्षण, ड्रोन मैपिंग आदि की ट्रेनिंग दी जाएगी। जिसके बाद विद्यार्थी अपना स्वयं का कार्य भी शुरु कर सकते हैं और एक बेहतरीन नौकरी भी प्राप्त कर सकते हैं। दोनों ही क्षेत्रों में सालाना तीन लाख तक की कमाई आराम से की जा सकती है और विद्यार्थी अपनी कुशलता के आधार पर इसमे कितनी भी वृद्धि कर सकता है।

# किसानों ने खेतों में घेरा तो पिकअप गाड़ी को छोड़कर चोर गिरोह फरार

- खेतों से उपकरण चोरी करने के लिए दो गाड़ियों में पहुंचा था गिरोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

थुआ खेतों में बीती रात उपकरण चोर गिरोह को किसानों ने घेरा तो अपनी पिकअप गाड़ी छोड़ कर फरार हो गए। अलेवा थाना पुलिस ने किसान की शिकायत पर गाड़ी को कब्जे में ले फरार चोर गिरोह के खिलाफ चोरी की कोशिश का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव थुआ निवासी अशोक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात ट्रैक्टर लेकर खेत में पानी देने जा रहा था। रास्ते मे किसान शमशेर के खेत में टयूबवैल के पाइप पड़े हुए थे। उनके पास पिकअप गाड़ी खड़ी हुई थी। दूसरी तरफ मारूति कार भी खड़ी हुई थी। संदेह होने पर उसने किसानों को सूचना देकर खेतों में बुला लिया। जब किसान बाइकों से खेत में पहुंचे तो पिकअप सवार तथा कार सवार लोग वहां अपने वाहनों के साथ भाग निकले। पिकअप गाड़ी जिस रास्ते पर गई थी। वह रास्ता आगे जाकर बंद था। जब वे वापस गाड़ी लेकर आए तो उनका रास्ता ट्रैक्टर से रोक लिया। आरोपितों ने ट्रैक्टर को साइड मार कर पिकअप गाड़ी को निकालने की कोशिश की तो उसकी गाड़ी पानी की नाली में फंस गई।

## खबर संक्षेप

### आज उचाना आएंगे सांसद जयप्रकाश

**उचाना।** कांग्रेस सांसद जयप्रकाश सांसद बनने के बाद पहली बार 21 जून को उचाना आ रहे है। रेलवे स्टेशन के पास लाला प्रभुदयाल चौधरी धर्मशाला में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मीटिंग में हिस्सा लेंगे। वीरेंद्र प्रधान ने संयुक्त रूप से बताया कि मीटिंग में कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट जयप्रकाश करेंगे। उचाना हलके की जीत में अहम भूमिका रही।

### 22 को मनाई जाएगी संत कबीर जयंती

**जींद ।** एससी समाज एकता मंच द्वारा 22 जून को प्रात नौ बजे संत शिरोमणि कबीरदास का 627वां जन्मदिवस रानी तालाब अंबेडकर चौक पर धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम में सोनीपत लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद सतपाल ब्रह्मचारी मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत करेंगे जबकि सफीदों के विधायक सुभाष गांगोली को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

### रंजिशन मारपीट करने पर दो नामजद

**जींद।** गांव गुलकनी ढाबे पर दो लोगों से मारपीट करने तथा गाड़ी से बाइक को टक्कर मारने पर सदर थाना पुलिस ने दो लोगों के मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव राजथल निवासी मनोज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव के नरवीर के साथ गुलकनी ढाबे पर बैठा था। उस दौरान गांव का ही विजेंद्र ढाबे पर आया और नरवीर के साथ गाली गलौज करने लगा।

### आज मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**उचाना।** आयुष विभाग हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग द्वारा शुक्रवार को 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर फायर ब्रिगेड के पास उचाना की अतिरिक्त मंडी में ब्लॉक स्तरीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य अतिथि के तौर पर चेयरमैन लैंड मोर्गेज बैंक अमरपाल राणा पहुंचेंगे। अध्यक्षता एसडीएम गुलजार मलिक करेंगे।

### आने वाली सरकार आप की होगी : मनोज

**उचाना।** आम आदमी पार्टी के संयुक्त सचिव लीगल सेल एडवोकेट मनोज श्योकंद ने कहा कि 30 जून को दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल दादरी से करेंगी हरियाणा में विधानसभा चुनाव का आगाज। आप हरियाणा में सभी 90 सीटों पर अपने पूरे दमखम से चुनाव लड़ेगी। उचाना हलके से अधिक से अधिक भागीदारी को लेकर गांव-गांव जाकर निमंत्रण दिया जाएगा ताकि अधिक से अधिक भागीदारी हलके से हो।

### भोगे बिना पाप नहीं कटते : अहिरका

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के प्रधान पंडित रामनिवास अहिरका ने कहा कि बहुत से लोग सोचते हैं कि दिन-रात चाहे जैसे भी पाप करो और जब चाहो भिन्न-भिन्न तीथोंर् में दो चार गोते लगा कर सारे पाप काट लो, यह असंभव है। क्योकि पुण्य व पाय दो समानंतर रेखाओं के समान हैं।

### इंस्टा पर अनर्गल पोस्ट करने का आरोपित काबू

**जींद।** साइबर थाना पुलिस ने महिला के इंस्टा अकाउंट तथा व्हाट्सअप पर अनर्गल पोस्ट डालने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिसा मामले की जांच कर रही है। सदर थाना इलाके की एक महिला ने गत 16 मई को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि चंडीगढ़ निवासी विक्रम इंस्टाग्राम तथा उसके व्हाट्सअप पर उसके बारे में अनर्गल टिप्पणी कर रहा है।

### महिला संदिग्ध हालात में गायब, मामला दर्ज

**जींद।** गांव खेड़ी मसानिया से महिला तथा व्यक्ति के संदिग्ध हालात में गायब होने पर उचाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव खेड़ी मसानिया निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 17 की उसकी पत्नी तथा परिवार का ही विक्की संदिग्ध हालात में गायब हो गए।

## स्वास्थ्य विभाग के डीजीएचएस ने किया अस्पताल का निरीक्षण, सफाई न मिलने पर दिए दिशा-निर्देश

# डायलसिस वार्ड में चिकित्सक न मिलने पर जांच के आदेश

**वर्ष 2017 से सीटी स्कैन सेंटर में टेली रिपोर्ट करने के लिए रेडियोलॉजिस्ट नही, जांच के आदेश, प्रलोभन देकर रक्तदाताओं से रक्तदान करवाने वाली संस्थाओं पर रखी जाए विशेष नजर, अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिलें : डा. रणदीप पूनिया**



जींद। लैब के बाहर जानकारी हासिल करते हुए स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (डीजीएचएस) डा. रणदीप पूनिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (डीजीएचएस) डा. रणदीप पूनिया ने वीरवार को नागरिक अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। यहां महानिदेशक (डीजीएचएस)ने इरमजेंसी वार्ड तथा सिटी स्कैन सेंटर में मरीजों से बातचीत की और अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। जांच में पाया गया कि वर्ष 2017 से सीटी स्कैन सेंटर में टेली रिपोर्ट करने के लिए रेडियोलॉजिस्ट नही है। जिस पर इसकी जांच की जाए। इसके अलावा डायलसिस में चिकित्सक के न मिलने पर भी जांच के आदेश दिए। वहीं बल्ड बैंक में ब्लड रिप्लेसमेंट को जीरो करने के आदेश दिए। इसके अलावा सफाई को लेकर विशेष दिशा-निर्देश दिए साथ ही ब्लड बैंक में मौजूद लीकेज को तुरंत प्रभाव से ठीक करवाने के निर्देश दिए। वहीं स्वास्थ्य अधिकारियों से कहा कि रक्तदान करवाने के नाम पर कई गिरोह सक्रिय हैं जो रक्तदाताओं को कई तरह का प्रलोभन देती हैं। ऐसे में स्वास्थ्य अधिकारी रक्तदान शिविरों पर विशेष नजर रखे। अगर कोई ऐसा मामला सामने आता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। डीजी ने कहा कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलें, इसके लिए स्वास्थ्य अधिकारी लगातार प्रयास करें।

### एक्सपायरी का रखें ध्यान

डीजीएचएस डा. रणदीप पूनिया ने बिल्डिंग में जगह-जगह लगाए गए फायर सिलेंडरों की जानकारी ली और इनके रखरखाव को लेकर निर्देश दिए। साथ ही कहा कि सिलेंडरों की एक्सपायरी का ध्यान रखा जाए।

### लैब में मिली टूटी कुर्सी, लगाई फटकार

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (डीजीएचएस) डा. रणदीप पूनिया ने लैब का दौरा कर सैंपल मशीन की ली जानकारी ली। यहां टूटी कुर्सी मिलने पर फटकार लगाई। इसके अलावा अस्पताल परिसर में तथा वार्ड में साफ-सफाई को लेकर उन्होंने नाराजगी जाहिर की और दिशा-निर्देश दिए। डीजी ने साफ कहा कि स्वच्छता को लेकर कोताहि किसी भी सूरत में बर्दाशत नही की जाएगी।

### ब्लड बैंक की दीवार में मिली लीकेज को ठीक करवाने के आदेश

डीजीएचएस नई बिल्डिंग स्थित ब्लड बैंक में पहुंचे और निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक दीवार में लीकेज मिली। जिसे तुरंत प्रभाव से ठीक करवाने के निर्देश दिए गए। निदेशक ने कहा कि रक्तदान को लेकर कुछ संस्थाएं रक्तदाताओं को प्रलोभन देती हैं। एनसीआर में इस तरह का गिरोह सामने आया है। जिला स्तर पर भी स्वास्थ्य अधिकारी ऐसे शिविरों का निरीक्षण करें और रक्तदाताओं से बातचीत करें कि कहीं उन्हें प्रलोभन देकर रक्तदान तो नही करवाया जा रहा। अगर ऐसा पाया जाता है तो तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जाए। ब्लड बैंक में निर्धारित मात्रा से थोड़ा 'यादा रक्त की यूनिट रखी जाए। कैलेंडर तैयार किया जाए कि साल में कितने कैंप लगे और कितना रक्त एकत्रित किया गया। ब्लड रिप्लेसमेंट को जीरो पर लाया जाए।



### आईसीयू व सिटी स्कैन सेंटर में मरीजों से की बातचीत

डीजीएचएस डा. रणदीप पूनिया ने आईसीयू व सिटी स्कैन सेंटर का दौरा कर यहां मौजूद मरीजों से बातचीत की। सिटी स्कैन सेंटर में मुफ्त स्कैन पर होने वाली बचत को लेकर मरीज को जानकारी दी। 2017 से यहां रजिस्ट्रड रेडियोलॉजिस्ट नही है। इसकी सीएमओ द्वारा जांच करवाई जाए। वहीं आईसीयू में भर्ती मरीजों के परिजनों ने सुविधा को लेकर संतुष्टि जाहिर की। वहीं ऑक्सीजन स्पलाई को लेकर भी निर्देश दिए। डा. रणदीप पूनिया ने कहा कि अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिले, इसके लिए लगातार प्रयास करें। इमरजेंसी सेवाओं को 24 घंटे सुचारू रखना चाहिए। इसके अलावा गर्भवति महिलाओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होनी। समय पर उनकी जांच तथा उनको अन्य दवाइयां दी जाए। यह प्रयास किए जा रहे हैं कि गर्भवति महिलाएं अपनी डिलीवरी सरकारी अस्पतालों में ही करवाएं। एंबुलेंस सेवा व्यवस्था की समय-समय पर जांच की जाए। यदि कोई भी समस्या हो तो तुरंत उन्हें अवगत करवाकर समस्या का समाधान करवाना चाहिए।




### बताए गए दिशा-निर्देशों की होगी पालना : सीएमओ

सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (डीजीएचएस) डा. रणदीप पूनिया रुटीन जांच के लिए पहुंचे थे। उन्होंने जो भी दिशा-निर्देश दिए हैं, उनकी पालना की जाएगी। जिले में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं व इनको और बेहतर बनाने के लगातार प्रयास जारी है। आईसीयू वार्ड में फॉल सिलिंग, बंदर जाल लगवाया जाएगा।

### इमरजेंसी वार्ड से की निरीक्षण की शुरूआत

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (डीजीएचएस) डा. रणदीप पूनिया वीरवार शाम को नागरकि अस्पताल पहुंचे। उन्होंने सीएमओ डा. गोपाल गोयल, पीएमओ डा. जितेंद्र कादियान, डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम कटारिया, डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल, डा. बिजेंद्र घणघस, डा. विनोद को साथ लेकर निरीक्षण की शुरूआत की। सबसे पहले डीजीने इमरजेंसी वार्ड का दौरा किया और मरीजों से बातचीत की और उन्हें मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी हासिल की।

# ग्रामीणों ने पूर्व सांसद का किया स्गात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

उचाना हलके के छात्तर गांव पहुंचे कांग्रेस नेता एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया।

यहां पर जेजेपी सहित अन्य दलों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हुए। पत्रकार वार्ता में किरण चौधरी के कांग्रेस छोड़ने पर पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने कहा कि राजनीति फैसला व्यक्तिगत होता है। खासतौर पर इतना बड़ा फैसला एक पार्टी छोड़ कर दूसरी पार्टी में शामिल हो लेकिन इतना जरूर कहूंगा ठीक है उनकी नाराजगी थी भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा से उनकी बेटी को टिकट नहीं मिला लेकिन मेरा निजी मत ये ही है कांग्रेस के परिवार में अगर ये रहते तो ज्यादा बेहतर था। कई लोग आहत भी होंगे कि भाजपा ने किरण चौधरी को जगह दी है। कांग्रेस छोड़ने वाले नेताओं द्वारा भूपेंद्र हुड्डा पर आरोप लगाए जाने के सवाल पर पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने कहा कि यह एक मत हो सकता है। व्यक्ति का जो सीनियर नेता है उनकी अपनी-अपनी महत्वकांक्षाए उनके साथ जो भारी संख्या में उनके समर्थक है उनकी भी चाह होती है। उस नाते वो ठीक है उन्हें लगा होगा कि जिस प्रकार का सम्मान उन्हें मिलना चाहिए ऐसी अनुभूति है कि उन्हें ऐसा सम्मान नहीं मिला ये फिर भी ये कहूंगा कि ये दुर्भाग्य पूर्ण है कांग्रेस में रहते तो बेहतर होता।


उचाना। गांव छात्तर में पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह। *फोटो :हरिभूमि*

### सबसे बड़ा बलवान समय, समय की कद्र करें : साध्वी महिमा श्री

**उचाना।** तेरापंथ जैन स्थानक में प्रचन करते हुए साध्वी महिमाश्री ने कहा कि सबसे बड़ा बलवान समय होता है। समय की कद्र करनी चाहिए। समय बहुत कीमती है समय के मूल्य को पहचानो। जो व्यक्ति समय पर खेल गया तो उसे कभी रोना नहीं पड़ता है। मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम चंद्र ने समय को पहचाना और समय पर खेलते हुए 14 साल का वनवास ले लिया। उन्होंने कहा कि एक साल की कीमत उससे पूछो जो पूरे साल पढ़ कर परीक्षा के वक्त बीमार होने से पेपर नहीं दे पाया। हफ्ते की कीमत उस संपादक से पूछो जो पूरे सप्ताह की एकत्रित की हुई खबरों को छाप कर भी मौके पर पत्रिका पोस्ट नहीं कर पाता। एक दिन की कीमत उस मजदूर से पूछो जो पूरे दिन काम करके भी शाम को अपनी मजदूरी नहीं ले पाया।


साध्वी महिमा श्री

# विस चुनाव में जनता भाजपा को सिखाएगी सबक : जितेंद्र छात्तर

- कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में उचाना की होगी अहम भागेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कांग्रेस नेता एवं अधिवक्ता जितेंद्र छात्तर ने कहा कि 22 जून को जींद में होने वाले कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में उचाना हलके रिकार्ड भीड़ रहेगी। उन्होंने कहा कि जिला जींद तीन लोकसभा क्षेत्र में बंटा हुआ है। जिले के लोगों ने तीनों सीटें कांग्रेस की झोली में डालने का काम किया है। जनता ने भाजपा को जनविरोधी फैसले लेने का सबक सिखाया है। उन्होंने कहा कि 22 जून को कांग्रेस नेता पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान कार्यकर्ताओ से रूबरू होंगे। कार्यकर्ता सम्मेलन में उचाना के लोगों की भागेदारी ज्यादा हो, इसको लेकर उन्होंने जनसंपर्क अभियान चलाया है। उन्होंने कहा कि केवल कांग्रेस ही ऐसी पार्टी है जो सभी जातियों तथा वर्गों का साथ लेकर चलती है और जनकल्याणकारी नितिया लागू करती है। आने वाला समय कांग्रेस का है। प्रदेश की जनता आने वाले समय में भाजपा सरकार को वोट के माध्यम से उखाड़ फैंकेगी। पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि हर रोज नए घोटाले, पेपर लीक के मामले सामने आ रहे हैं। कोई भर्ती नही हो रही है।


जितेंद्र छात्तर


नरवाना। साक्षात्कार में भाग लेते विद्यार्थी। *फोटो :हरिभूमि*

### राजकीय आईटीआई में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित

**नरवाना।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नरवाना में 20 जून वीरवार को देश की प्रतिष्ठित कंपनी कपारो मारुती लिमिटेड, एस्कॉर्ट कुबोटा लिमिटेड, स्वराज ट्रेक्टर लिमिटेड कंपनी तथा ओबनिगिनी लिमिटेड द्वारा कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया । इस रोजगार मेले में 67 उम्मीदवारों ने साक्षात्कार में भाग लिया है। कंपनी प्रतिनिधियों के द्वारा 35 उम्मीदवारों का मौके पर ही चयन किया गया। यह जानकारी संस्थान के प्रधानाचार्य अनिल गोयल ने दी और उन्होंने बताया कि इस प्रकार के रोजगार मेले संस्थान में होते रहते हैं। जिसका उद्देश्य छात्रों को रोजगार के अच्छे अवसर उपलब्ध करवाना है। विनित अप्रैटशिपं इंस्ट्रक्टर, जसबीर मोर अप्रैटशिपं इंस्ट्रक्टर, मुनिम सिंह कोमल व दीपक मौजूद रहे।

# कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन कलः महावीर

- पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा होंगे कार्यकर्ता सम्मेलन के मुख्यअतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व महासचिव महाबीर कंप्यूटर ने कहा कि पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा सबसे बेहतर मुख्यमंत्री साबित हुए है। प्रदेश की जनता भाजपा की कार्यप्रणाली से दुखी है। हर वर्ग भाजपा के 10 साल के शासनकाल में ठगा सा महसूस कर रहा है और भूपेंद्र सिंह हुड्डा के 10 वर्ष के शासनकाल को याद कर रही है। हुड्डा ने प्रदेश का चहुंमुखी विकास कर नया कीर्तिमान साबित किया और चिकित्सा, कृषि क्षेत्र और शिक्षा एवं बिजली क्षेत्र में अनेक कार्य किए। इसमें सभी वर्गों को लाभ पहुंचाने का काम किया है तथा गरीब वर्ग को 100-100 वर्ग गज के प्लाट देकर नया इतिहास रचा है। महाबीर कंप्यूटर ने कहा कि 22 जून को श्याम गार्डन कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन होगा। जिसमें मुख्यअतिथि हरियाणा प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा होंगे। कार्यकर्ता सम्मेलन के विशिष्ट अतिथि कांग्रेस पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष उदयभान तथा रोहतक लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद दीपेंद्र हुड्डा होंगे। सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद सतपाल ब्रह्मचारी शिरकत करेंगे। हुड्डा लोकसभा चुनाव में मिली जीत के लिए कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करेंगे। पार्टी कार्यकर्त्ता सम्मेलन को लेकर कार्यकर्ताओं में काफी जोश है और लोकसभा में कांग्रेस पार्टी का वोट प्रतिशत काफी बढोतरी हुई है।


जींद। कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर आयोजित बैठक में मौजूद महावीर कंप्यूटर।


जींद। दिहाड़ी कटने पर बीडीपीओ कार्यालय पहुंचे लजवाना कलां के मजदूर।

### मजदूरों ने नौ दिन की दिहाड़ी काटने का लगाया आरोप

**जुलाना।** कस्बे के बीडीपीओ कार्यालय में लजवाना कलां गांव के मनरेगा के मजदूर दिहाड़ी कटने पर पहुंचे। मजदूरों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए रोष प्रकट किया। लजवाना कलां गांव के मनरेगा मजदूर कमलेशए पतासोए पिंकीए सुमनए सोनियाए संतोषए सरोजए सुनीताए कृष्णए गीता ने बताया कि उन्होंने अकालगढ़ गांव के तालाब की मनरेगा के तहत खुदाई का काम किया था। मनरेगा मेट जोगिंद्र ने उन्हें बताया कि 12 दिहाड़ी में से उनकी नौ दिहाड़ी काट ली गई हैं। जिस पर मनरेगा मजदूर खफा हो गए। मनरेगा मजदूर बीडीपीओ कार्यालय पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए रोष प्रकट किया। मजदूरों ने कहा कि उनकी दिहाड़ी नही काटी जानी चाहिए। अगर उनकी दिहाड़ी काटी जाती है तो वो इसकी शिकायत उपायुक्त से करेंगे। एबीपीओ जुलाना नेहा ने बताया कि अभी तक काम का मिस्टॉल नही आया हैजैसे ही मिस्टॉल आएगा। मजदूरों के खाते में मनरेगा की पूरी दिहाड़ी डाली जाएगी।

## सांसद सत्तपाल ब्रह्मचारी ने की डीसी से मुलाकात

# पांडु पिंडारा तीर्थ के विकास पर मंथन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सोनीपत सांसद सत्तपाल ब्रह्मचारी ने उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा से मुलाकात की। इस बैठक में मुख्यतः गांवों में विकास कार्यों हेतु निर्धारित किए गए ईंट, रेती, बजरी, सीमेंट के डीसी रेट में असल बाजारी भाव में अंतर होना, पांडु-पिंडारा तीर्थ के विकास व गांव गंगोली में पीने के पानी की समस्या के मुद्दों पर चर्चा की गई। ब्रह्मचारी के नेतृत्व में सरपंच एसो ने डीसी को बताया कि विभिन्न गांवों में चल रहे विकास कार्यों हेतु जो ईंट, रेती, बजरी, सीमेंट इत्यादि के जो डीसी रेट निर्धारित किए गए हैं, वह बाजार भाव से बहुत कम है। ईंट के रेट बाजार में इस समय 7800 रुपये हैं जबकि बाजार इनका डीसी रेट छह हजार रुपये निर्धारित हैं। इसी प्रकार अन्य निर्माण सामग्री के मूल्यों में भी काफी अंतर है। जिन्हें पुनः निर्धारित किए जाने की आवश्यकता है। गांव गंगोली के निवासियों द्वारा सांसद के सम्मुख गांव में पानी की समस्या से अवगत करवाते हुए इसके समाधान का अनुरोध किया। इसके अतिरिक्त पांडु पिंडारा तीर्थ के विकास पर भी चर्चा की गई। पिंडारा तीर्थ के संबंध में चर्चा के दौरान बताया गया कि हर वर्ष पांडु पिंडारा तीर्थ पर चार से पांच मुख्य मेले लगते हैं। मेलों के दौरान श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधाओं का लाभ भी नहीं मिल पाता जबकि हर एक मेले मे श्रद्धालुओं की संख्या 50 हजार या इससे अधिक ही होती है। जिसके लिए एक मानक संचालन की प्रक्रिया बनाई जानी अति आवश्यक है। इसके अतिरिक्त तीर्थ के लिए तैराकी उपकरणों की खरीद व तीर्थ के तालाब में जल भरवाने की व्यवस्थाएं जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई।


जींद। डीसी से बातचीत करते सांसद सतपाल ब्रह्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

युवा नेता दीपक पिंडारा, सरपंच सुखबीर जागलान गांव बीबीपुर, बलजीत गांव दरियावाला, दीपक गांव रूपगढ़, जितेंद्र गांव श्रीरागखेड़ा, संदीप पूनिया गांव अहिरका, अमित गांव खेड़ी तलोड़ा, राज सिंह गांव तलोड़ा, अजीत गांव बड़ोदी, जोगिन्द्र गांव ललित खेड़ा, रामदर्शन गांव खोखरी, दिनेश गांव आसन, सुरेन्द्र गांव खरकरामजी, कृष्ण गांव जाजवान, हितेंद्र गांव रामराये, सुनील गांव झांज खुर्द, सुंदर गांव रामगढ़, रामप्रसाद गांव अशरफगढ़, रिषिपाल गांव हैबतपुर, कुलदीप गांव पिंडारा, अनूप गांव कंडेला, अमित गांव सिंध्वीखेड़ा, नरेश भुक्कल गांव जुलानी, कृष्ण गांव अमरहेड़ी, भूपेंद्र गांव बरसाना, मंजीत किशनपुरा, संदीप गांव घिमाना व कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।


जींद। शिविर में योग क्रियाएं करवाते अमरनाथ। *फोटो :हरिभूमि*

### योग की मुहिम को आगे बढ़ा रहे अमरनाथ

**जींद।** कृषि विभाग से ड्राफ्ट्समैन के पद से सेवानिवृत्त योगाचार्य अमरनाथ पिछले 30 सालों से योग के माध्यम से अनेकों लोगों को नया जीवन दे चुके हैं। उन्होंने अपने जीवन को ही योग को समर्पित कर दिया है। विभाग से सर्विस के दौरान ही उन्होंने प्राकृतिक योग की क्रियाओं को अपने जीवन में अंगीकार कर बीमारियों को एक तरह से अपने आप को दूर रखा। इकहरे शरीर वाले अमरनाथ ने अपने कठिन व्यायाम को बचपन में ही सीख लिया और उनका नियमित अभ्यास करना उनकी दैनिक रोजमर्रा की जिंदगी का अभिन्न अंग बन गया। इन्हें जब भी कोई असाध्य बीमारी से ग्रस्त मरीज मिला, एक ही सुझाव रहता कि योग से किसी भी गंभीर से गंभीर बीमारी का इलाज संभव हुआ है और आज पूरी दुनिया योग को अपना चुकी है। एसडी स्कूल में चलता है सुबह दो घंटे का सत्र, पहले आते थे बहुत कम साधक जींद के एसडी स्कूल का भवन शहर से सटा होंने के कारण सुबह साढ़े पांच बजे से साढ़े सात बजे तक चलने वाले सत्र में महिला और पुरुष शामिल होते हैं। अमरनाथ ने बताया कि पहले जब सत्र शुरू किया तो बहुत कम लोग आते थे। धीरे-धीरे योग के प्रति लोगों की रूचि बढ़ी तो यह आंकड़ा बढ़ता चला गया।

## खबर संक्षेप

### नई अनाज मंडी में मनाया जाएगा योग दिवस

**कैथल।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रतिभा भाटिया ने कहा कि 21 जून को अतिरिक्त नई अनाज मंडी कैथल में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में विधायक लीला राम मुख्यातिथि होंगे। कार्यक्रम जिला एवं खंड स्तर पर सुबह 6 से 8 बजे तक बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।

### भाजपा सरकार में हुआ नीट पेपर लिक: अनीता ढुल

**राजौंद।** कांग्रेस महिला प्रदेश महासचिव अनीता ढुल बड़सिकरी ने गांव जाखौली कमान पट्टी में सभा को संबोधित करते हुए बताया कि अभी एनईईटी पेपर लीक की जांच चल ही रही थी कि अब यूजीसी एनइटी 2024 परीक्षा पेपर लीक के कारण परीक्षा रद्द कर दी गई है। जिससे लाखों छात्र-छात्राओं का भविष्य बीजेपी सरकार में हुई इस लीकेज ने अंधकार में धकेल दिया गया है। बच्चों के साथ-साथ उनके परिवार में निराशा का माहौल है। जो दावा करते हैं कि हमने दो देशों के बीच वार रुकवा दी, वह एक परीक्षा का पेपर लीक क्यों नहीं रुकवा पा रहे हैं।

### युवाओं को किया नशा न करने के लिए जागरूक

**कैथल।** पूरे हरियाणा में 26 जून तक नशा मुक्त भारत पखवाड़ा चलाया जा रहा है। इसमें डीएसपी कुलदीप बेनीवाल के नेतृत्व में एसआई कर्मबीर सिंह,एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही,मनीषा व सुमन तथा होमगार्ड गुरदेव को शामिल करके एक नशा जागरूकता टीम का गठन किया गया है।

### हुड्डा हैं मुख्यमंत्री का प्रमुख चेहरा: जेपी

**कलायत।** हिसार से कांग्रेस सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश जेपी ने कहा कि कांग्रेस के अंदर और अन्य दलों में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के मुकाबले का कोई नेता नहीं है। वे लोक निर्माण विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने भगवान कपिल मुनि प्राचीन धाम में सांसद चुने जाने की खुशी में धार्मिक परंपराओं के अनुसार माथा टेकते हुए लड्डू बांटे।

### प्रजापति ईश्वरीय विश्व विद्यालय में किया योग

**राजौंद।** प्रजापति ईश्वरीय विश्व विद्यालय के प्रांगण मे नेहरू युवा केंद्र कैंथल द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में लोगों को योग का महत्व बताया गया।इस दौरान जिला युवा अधिकारी दीक्षा मिश्रा एवं नेहरू युवा केंद्र से प्रदीप कुमार व दिनेश शामिल रहे।कार्यक्रम में योग अध्यापक सुशील कुमार ने उपस्थित लोगों को योगा करवाया।उन्होंने योग के बारे मे बताते हुए कहा कि योग हमारे जीवन मे बहुत ही उपयोगी है ।योग से बीमारियां दूर रहती है।

### नशा तस्करों की धरपकड़ के लिए प्रयास जारी

**कैथल।** कैथल पुलिस नशा तस्करों की धरपकड़ के लिए निरंतर प्रयासरत है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की इसी मुहीम तहत डीएसपी कुलदीप बेनीवाल के कुशल नेतृत्व में टटियाना नाका, अजीमगढ नाका सहित अन्य इंटरस्टेट नाको पर पुलिस टीम द्वारा सनाईपर डॉग की सहायता से जांच की गई। जांच दौरान आने जाने वाले वाहनों की गहनता से जांच की गई। यह जांच नशा तस्करों की धरपकड़ के लिए अमल में लाई गई।

### शैक्षणिक भ्रमण पर जाएगा विद्यार्थियों की दल

**कैथल।** हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला द्वारा आयोजित 6 दिवसीय मनाली शैक्षणिक भ्रमण कल 50 लड़के तथा 50 लड़कियों को लेकर मनाली जाएगा। सरोज कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला कैथल से 50 लड़के तथा 50 लड़कियां दो अध्यापक तथा दो अध्यापिकाएं मनाली भ्रमण के लिए कल भेजे जाएंगे कल सभी चयनित अध्यापक तथा विद्यार्थी 1:00 बजे बस स्टैंड कैथल से रवाना होंगे।

# गुहला में बाबा मीरा जी नौ बहार की मजार पर 5 दिवसीय मेला पूरे जोरों पर

- मेले में दर्जनों स्थानों पर चल रहे हैं भंडारे व छबीलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुहला-चीका

बाबा मीरा जी नौ बहार की 250 साल पुरानी मजार पर आज से 5 दिवसीय मेला शुरू हो गया है। मेले में हरियाणा, पंजाब, यू.पी., दिल्ली व राजस्थान आदि से श्रद्धालु पहुंचना शुरू हो गए हैं। मालूम रहे कि यहां बाबा मीरा जी नौ बहार की बहुत ज्यादा मान्यता है और जिन लोगों के परिजनों में कथित रूप से भूत-प्रेत का साया आता हो अथवा कोई मानसिक रूप से पीड़ित हो, तो वे यहां आते हैं और मजार पर माथा टेककर प्रसाद चढ़ाते हैं तो प्रभावित लोग पूरी तरह से ठीक होकर घर जाते हैं। बाबा की मजार पर एक दिव्य आला है, जिसके समक्ष प्रभावित व्यक्ति को बिठाया जाता है और मौके पर मौजूद मजार के बाबा द्वारा प्रभावित व्यक्ति को आदेश दिया जाता है कि वह आले में अपना सिर डाले। कहा जाता है कि पहले तो प्रभावित व्यक्ति आला में अपना सिर नहीं देता क्योंकि कहा जाता है कि उक्त व्यक्ति के अन्दर जो ओपरी हवा होती है, वह उसे ऐसा करने से रोकती है परंतु जब ढोल की थाप पर बाबा सख्ती से आदेश देता है कि वह आला के अन्दर सिर डाले तो फिर विवश होकर उक्त व्यक्ति आला में सिर दे देता है और मान्यता है कि उसी वक्त एक चमत्कार होता है और प्रभावित व्यक्ति अपनी नार्मल स्थिति में आ जाता है। मेले में दर्जनों खेल व खिलौनों की दुकानें सजी हुई हैं। उक्त पीर से पहले एक अन्य बाबा चेतन शाह की मजार है और मान्यता है कि बाबा मीरा जी नौ बहार की मजार पर माथा टेकने से पहले बाबा चेतन शाह की मजार पर माथा टेकने की प्रथा है और कहा जाता है कि जो व्यक्ति सीधा बाबा मीरा जी नौ बहार पर माथा टेकने जाता है तो उसकी मान्यता कबूल नहीं होती नतीजतन मेले में आने वाले सभी लोग पहले चेतन शाह पीर पर माथा टेकते हैं।



गुहला चीका। मजार पर अनोखा आला व पीर बाबा की मजार तथा मेले में लगे भंडारे का शुभारम्भ करते हुए विराट सैनी।

### 22 को होगा कबड्डी मैच

मेले के अन्तिम दिन 22 जून को मेला कमेटी द्वारा हरियाणा व पंजाब की टीमों का विशाल कबड्डी मैच का आयोजन किया जाएगा। उक्त कबड्डी मैच में दर्जनों टीमें आकर अपने जौहर का प्रदर्शन करेंगी। मैच का उद्घाट एस.पी. कैथल सुश्री उपासना करेंगी।

### छोटे बच्चे ने किया चेतन शाह पीर के लंगर का शुभारम्भ

मेले में बाबा चेतन शाह पीर पर शुरू हुए विशाल भंडारे का शुभारम्भ गुहला गांव के एक छोटे बच्चे विराट सैनी ने किया। उक्त जानकारी देते हुए पीर के परम भक्त सूरजभान शर्मा पप्पा ने बताया कि गुहला गांव की जनता व श्रद्धालुओं के सहयोग से लगातार 5 दिन तक भंडारा चलाया जाएगा। इस अवसर पर राज रानी शर्मा,। सूरजभान गुहला, बिल्लू सैनी, जगदीश नम्बरदार, बाबा काला, विजय धीमान, सुखा, रामपाल व गुल्लर आदि सेवादार भी मौजूद रहे।

## सड़क तोड़ने की एवज में नगर पालिका ने मांगी 907514 रुपये की राशि

# पाइप लाइन एजेंसी के खिलाफ मामला दर्ज करने की उठाई मांग

- समाज सेवी संगठनों ने उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलायत

सीवरेज ट्रिटमेंट प्लांट सुधारीकरण योजना के तहत भूमिगत पाइप लाइन बिछाने के लिए काफी समय पहले तोड़े गए कलायत-पिंजुपुरा मार्ग की रिपेयर अब कलायत नगर पालिका द्वारा की जाएगी।

सडक को क्षति पहुंचाने की एवज में जन स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से सीवरेज ट्रिटमेंट योजना कार्य कर रही एजेंसी को नपा के सरकारी खाते में 9 लाख 7 हजार 514 रुपए की राशि जमा करवानी होगी। इसका बलेंस ट्रांसफर बिल नगर पालिका ने तैयार कर जन स्वास्थ्य विभाग को भेजने की कार्यवाही पूरी कर दी है। यह जानकारी नगर पालिका सचिव पवन शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि पालिका अभियंता अशोक कुमार और कनिष्ठ अभिंयता संजीव धीमान द्वारा वाया कचरा डंपिंग कलायत के निर्मल पब्लिक स्कूल से पिंजुपुरा जाने वाले मार्ग की मुआयना किया गया है। समीक्षा में सीवरेज ट्रीटमेंट निर्माण कार्य के लिए बिछाई गई भूमिगत पाइपलाइन से सडक का लगभग 500 मीटर हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। इसके आधार पर खर्च बिल तैयार करते हुए संबंधित विभाग को प्रेषित करने की कार्यवाही की गई है। जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा जमा करवाई जाने वाली राशि से सडक का फिर से कायाकल्प होगा।बोर्ड द्वारा नपा को गोद दी गई है सडक: हरियाणा राज्य विपणन बोर्ड ने 1.68 किलोमीटर लंबे इस मार्ग को पालिका के हवाले कर रखा है। इस आधार पर ही पालिका अपने द्वारा गोद ली गई सडक की सुध लेने को अब संजीदा नजर आ रही है। समाज सेवी संगठनों में सडक सुरक्षा को चुनौती देते हुए मार्ग को क्षति पहुंचाने पर सीवरेज ट्रिटमेंट मजबूतीकरण के तहत भूमिगत पाइप लाइन बिछाने वाली एजेंसी के खिलाफ कार्यवाही के लिए मुख्ययंत्री को पत्र लिखने का निर्णय लिया है। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सङ्क्षलद्र प्रताप राणा, कृष्ण कुमार, विकास कुमार और दूसरे युवाओं का कहना है कि नियम अनुसार एजेंसी को पहले नगर पालिका से अनुमति लेते हुए खर्च राशि को जमा करवाना चाहिए था। जिस प्रकार कई माह से सडक को बुरी तरह उखाडकर बदहाल स्थिति में छोड़ा गया है वह सडक सुरक्षा प्रबंधों को हाशिये पर रखने की कार्यवाही है। इसलिए एजेंसी के खिलाफ अवलिंब इस संबंध में मामला दर्ज करते हुए ठोस कार्यवाही अमल में लानी जरूरी है।



कलायत। कलायत-पिंजुपुरा मार्ग की बदहाल स्थिति तथा कलायत नगर पालिका में सडक क्षतिपूर्ति से जुड़ी दस्तावेज की कार्यवाही करते सचिव और जेई।


कैथल। समाधान शिविर में लोगों की शिकायत सुनते अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

# समाधान शिविर आमजन के लिए साबित हो रहे वरदान

- आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से किया जा रहा समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

डीसी प्रशांत पंवार, एसपी उपासना एवं एसडीएम ब्रहम प्रकाश ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों को सुना। बुधवार को समाधान शिविर में 62 शिकायतें आई, जिनमें से 36 का मौके पर ही समाधान कर दिया तथा शेष शिकायतों के समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि संबंधित अधिकारी व कर्मचारी शिकायतों के समाधान हेतु गंभीरता से करें। यदि कोई ढील बरती तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। प्रदेश वासियों की समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जिलों में समाधान शिविरों की शुरूआत की है। नागरिकों की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। समाधान शिविर नागरिकों के लिए वरदान साबित हो रहा है। डीसी ने कहा कि समाधान शिविर में जो शिकायतें प्राप्त हुई हैं, उनमें परिवार पहचान पत्र, जन स्वास्थ्य विभाग, बिजली, प्रोपर्टी आईडी तथा राशन कार्ड आदि समस्याएं शामिल हैं।

### इनकी समस्याओं का हुआ समाधान

परिवार पहचान पत्र से संबंधित समाधान शिविर में समस्या लेकर आए कैथल से रमेश, सुमन, रेणु, प्रदीप, संजीव, बिमला, मोनिका, शुभम, दर्शना देवी, सुरेश, रणधीर, रानी, रवि, संदीप, सुरेंद्र, सुल्तान, रवि, दर्शन, करतार, विक्रमजीत, दीपिका, पूंडरी से जयदीप, पूंडरी से पाला राम, राजौंद से संजू, आदि की समस्या का मौके पर समधान किया गया। इन सभी जिला वासियों ने सरकार व प्रशासन का आभार जताया।

## केंद्र सरकार द्वारा फसलों के बढ़ाए गए रेट ना के बराबर: केवल सिंह


गुहला चीका। पत्रकारों से बातचीत करते हुए किसान नेता केवल सिंह सदरेहड़ी व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुहला-चीका

- भारतीय किसान यूनियन गुहला इकाई की एक बैठक सम्पन्न

भारतीय किसान यूनियन गुहला इकाई की एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भाकियू के जिला उपप्रधान केवल सिंह ने की। बैठक को सम्बोधित करते हुए केवल सिंह ने कहा कि सरकार ने जो फसलों के रेट बढ़ाए हैं, वह महंगाई की दर से रेट काफी कम है। उन्होंने कहा कि रेट बढ़ाना अलग बात है और खरीद की गारंटी देना अलग बात है। उन्होंने कहा कि किसान की फसल बिकेगी या नहीं, सरकार ने इसकी गारंटी नहीं दी है। उन्होंने कहा कि जब किसान अपनी फसल को मंडी में लेकर आता है तो फिर प्राइवेट परचेजर व सरकारी एजेंसियों के खरीददार फसल खरीदते समय कई प्रकार की कमियां निकालते हैं और फसल को खरीदने से इन्कार कर देते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने जो रेट बढ़ाया है, वह एम.एस.पी. ना होकर एक तरह से प्रतिशतता के आधार पर रेट बढ़ा है, जिससे किसानों को किसी प्रकार की राहत नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि किसान लम्बे समय से संघर्षरत है परंतु सरकार किसानों की मांगों को पूरा नहीं कर रही है। किसान नेता ने कहा कि स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें लागू नहीं की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि किसान लम्बे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं परंतु सरकार उनकी बात को सुनने के लिए भी तैयार नहीं है। उन्होंने मांग की कि किसानों की सभी जायज मांगें पूरी की जाएं।

### आरकेएसडी कालेज में पंजीकरण प्रक्रिया जारी

**कैथल** । आरकेएसडी कॉलेज पोर्टल पर पंजीकरण प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। कॉलेज स्टाफ रूम में सुबह 9 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक हेल्प और पंजीकरण डेस्क नियमित रूप से काम कर रहे हैं। कॉलेज पोर्टल पर पंजीकरण की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए कॉलेज ने अतिरिक्त डेस्क स्थापित किए हैं। साथ ही कॉलेज उन सभी विषयों में ऑनर्स पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहा है जिनमें कॉलेज स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम पढ़ा रहा है। प्रत्येक 4 वर्षीय बहुविषयक स्नातक कार्यक्रम में निम्नलिखित पाठ्यक्रम शामिल होंगे, अर्थात अनुशासन विशिष्ट पाठ्यक्रम (डीएससी), लघु पाठ्यक्रम (एमआईसी), बहुविषयक पाठ्यक्रम (एमडीसी), योग्यता संवर्द्धन पाठ्यक्रम (एईसी), कौशल संवर्द्धन पाठ्यक्रम (एसईसी), मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम (वीएसी), इंटर्नशिप और शोध परियोजना। विभिन्न चरणों में कार्यक्रम से बाहर निकल सकते हैं और संबद्ध विश्वविद्यालय मानदंडों के अनुसार सभी शर्तों को पूरा करने के अधीन संबंधित योग्यता प्राप्त कर सकते हैं।

- गुरुवार तक पहुंचे तीन हजार आवेदन

# गवर्नमेंट कॉलेजों में रिक्त पड़े पदों को भरने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी

वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ मैनेजमेंट ऑफ प्राइवेट एडिड कॉलेजिज का एक प्रतिनिधमंडल, जिसमें एसोसिएशन के प्रेजिडेंट पूर्व विधायक तेजवीर सिंह, विधायक लीला राम, महासचिव सरदार ए.एस. ओबराय शामिल थे शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा मिला। शिक्षा मंत्री से वैल्फेयर एसोसिएशन ऑफ मैनेजमेंट आफ प्राइवेट एडिड कॉलेजिज ने मांग की कि प्रदेश के गवर्नमेंट एडिड कॉलेजों में शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक स्वीकृत पदों में से रिक्त पड़े पदों को भरने की अनुमति दी जाए ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो। तेजवीर सिंह ने बताया कि शिक्षा मंत्री ने बताया कि दिसंबर 2023 में उच्चतर शिक्षा विभाग के निदेशक की ओर से रा'य के सभी गवर्नमेंट एडिड प्राइवेट कॉलेजों को एक पत्र भेजकर आगामी आदेशों तक शैक्षणिक तथा गैर-शैक्षणिक स्टॉफ की भर्ती न करने के निर्देश दिए गए थे। पहले दी गई अनुमति को भी वापस ले लिया गया था। निदेशक के इन निर्देशों के कारण अब प्रदेश के गवर्नमेंट एडिड प्राइवेट कॉलेजों में रिक्त पड़े (शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक) पदों को न भरने के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। तेजवीर सिह ने बताया कि शिक्षा मंत्री ने एसोसिएशन के सदस्यों को आश्वासन दिया कि वे इस मामले का अध्ययन करवा कर सकारात्मक कार्रवाई करेंगी।


पूंडरी। शिक्षा मंत्री से मिलते प्रतिनिधिमंडल के तेजवीर सिह व विधायक लीलाराम।

- शिक्षा मंत्री से मिला वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ मैनेजमेंट ऑफ प्राइवेट एडिड कॉलेजिज का एक प्रतिनिधमंडल

## टेनिस क्रिकेट ओपन प्रतियोगिता में अजय ने जीता ट्रैक्टर

**कैथल** । जाट महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ राजकला सिहाग पूनिया ने मीडिया को बताया कि जाट कॉलेज के छात्र अजय ढुल ने टेनिस क्रिकेट ओपन प्रतियोगिता में फोर्ड 3600 ट्रैक्टर जीता। यह प्रतियोगिता जून मास 2024 को इस्माईलाबाद में आयोजित हुई। अजय ढुल को मैन ऑफ द सीरीज के खिताब में फोर्ड 3600 ट्रैक्टर से नवाजा गया। अजय ढुल ने कुल 6 मैचों में 275 रन बनाए। जाट हाई स्कूल सोसाइटी के कुशल प्रशासक चंद्रशेखर सहारण ने खिलाड़ी अजय को ट्रैक्टर जीतने पर बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। कॉलेज प्राचार्या डॉ. राजकला सिहाग पूनिया ने शारीरिक शिक्षा विभाग अध्यक्ष प्रो सुशील मालिक, प्रो राजपाल सिंधु, प्रो अनिल कुमार को बधाई दी। इस मौके पर सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे और सभी ने खिलाड़ी अजय व शारीरिक शिक्षा विभाग की टीम को बधाई दी। जाट महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ राजकला सिहाग पूनिया ने मीडिया को बताया कि यूजी कोर्स में प्रवेश लेने के लिए जाट महाविद्यालय में छात्र एवं छात्राओं में बहुत उत्साह देखने को मिला रहा है।


कैथल। टेनिस क्रिकेट ओपन प्रतियोगिता में जाट कॉलेज के छात्र अजय जीते गए ट्रैक्टर के साथ। फोटो: हरिभूमि


### सूचना

मैं, वेद सिंह पुत्र ज्ञानी राम निवासी 1043 नजदीक नर्सरी पिल्लुखेड़ा मण्डी बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अमीत व पुत्रवधु पिन्की मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### न्यायालय तहसीलदार-कम-सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी जीन्द।

कृष्णचन्द्र पुत्र स्व. जोगीराम निवासी सुभाष नगर, रोहतक रोड़, जीन्द।
बनाम
जरनल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास (जरनल पब्लिक) को सूचित किया जाता है कि स्व. श्रीमान जोगीराम पुत्र जमना राम एक किता दस्तावेज जिसमें बरूवे वसीका बयनामा नं. 1345 दिनांक 07-01-1971 तसदीक शुदा सब रजिस्ट्रार साहब जीन्द के रकबा को विक्रय/स्थानांतरण पंजीकृत हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता स्व. जोगीराम पुत्र जमना राम का देहान्त दिनांक 16-05-2013 को हो चुका है। मृतक के वारसान इस प्रकार है।
1- सुदी विधवा व 2-उमेद सिंह 3-कृष्ण चन्द्र 4-दलबीर सिंह 5-सुरेश सिंह पुत्रान व 6-दर्शन पुत्री जोगीराम पुत्र जमनाराम हैं।
इनके अलावा मृतक का अन्य कोई वारिस उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके संबन्ध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव कोई एतराज या आपत्ति है तो इस प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर-अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में असालतन या वकालतन किसी भी कार्य दिवस में अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। कोई आपत्ति ना आने की सूरत में नियमानुसार उपरोक्त वसीका पंजीकृत कर दिया जायेंगा।
यह नोटिस बाबत प्रकाशन आज दिनांक 20-06-2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/-
नायब तहसीलदार कम सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी जीन्द।


## रांउड टेबल संस्था ने शुरू की अनूठी पहल

# राजकीय विद्यालय में 11 लाख से बनवाए दो कमरे

- डीएसपी उमेद सिंह ने किए स्कूल को समर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

शहर की समाजसेवी संस्था राउंड टेबल ने अपनी अनूठी पहल के तहत जाखौली अड्डा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में करीब 11 लाख रुपये की लागत से तैयार करवाकर दो कमरे स्कूल को समर्पित कर दिए। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि डीएसपी उमेद सिंह ने कमरों के उद्घाटन पट का अनावरण किया। संस्था के पदाधिकारियों चेयरमैन गौतम मिगलानी, उपाध्यक्ष सुमित गर्ग, सचिव साहिल सचदेवा, कोषाध्यक्ष श्रेय चौधरी, आईपीसी हिमांशू मेहता, वरिष्ठ सदस्य डा. विक्रमजीत सिंह शाह, वरुण मिगलानी, मोहित सिक्का, संदीप गर्ग, नितिन खनिजो, हनी आहलुवालिया, सक्रिय सदस्य अक्षयदीप सिंह, अमनदीप सिंह, अंकित चौधरी, अंकित टक्कर, कर्ण कालड़ा, निपुण चौधरी, साहिल बंसल, सारांश चौधरी, शिवा खनिजो, नकुल हुड़िया सहित अन्य ने बताया कि संस्था द्वारा पूर्व में भी राजकीय विद्यालयों में तीन कमरों का निर्माण किया गया है। अब राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में लगभग 11 लाख रुपये की लागत से दो कमरे बनवाए गए हैं। राउंड टेबल संस्था द्वारा स्वयं के स्तर पर इस बजट का प्रबंध किया जाता है। जिसमें शहर से अनेक समाजसेवी एवं सक्षम लोग जुड़े हैं।


कैथल। राउंड टेबल संस्था के पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### बच्चों को मिलेगी राहत

संस्था उन स्कूलों में ऐसे कमरों का निर्माण करवाती है, जहां बच्चों की संख्या ज्यादा है और कमरे कम हैं। अब यहां जाखौली अड्डा स्कूल में यह जरूरत महसूस की गई थी। आगे भी संस्था अपना समाज सेवा का यह कार्य जारी रखेगी। मुख्य अतिथि उमेद सिंह ने संस्था के प्रयासों की सराहना कीऔर कहा कि हर किसी को अपनी क्षमता अनुसार समाज सेवा के लिए आगे आना चाहिए। यहां खुशी की बात है कि कैथल के युवा अपने काम के साथ-साथ इस तरह के सामाजिक कार्यों में आगे आ रहे हैं। इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं और दूसरे लोगों को भी इससे प्रेरणा मिलती है। प्रिंसिपल बिमला सिरोही ने संस्था का आभार जताया और कहा कि इससे बच्चों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्कूल में बच्चों को कमरों की आवश्यकता थी। सरकार द्वारा भी बच्चों के लिए अनेकों सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। स्कूल प्रिंसिपल ने कहा कि राउंड टेबल संस्था द्वारा किए जा रहे कार्य अनुकरणीय हैं।

### स्वर्णकारों ने मीटिंग कर गर्मी की छुट्टियां मनाने का निर्णय लिया

**पूंडरी।** स्वर्णकार संघ पूंडरी की बैठक माता मनसा देवी मंदिर फतेहपुर में प्रधान सुरेश वर्मा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें स्वर्णकारों की समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से बैठक में फैसला लिया गया कि गर्मी सीजन की छुट्टियां हर विभाग और क्षेत्र में होती है। इसलिए स्वर्णकार भी गर्मी को देखते हुए 21 से 23 जून तक छुट्टियां रखेगा। इस दौरान अगर कोई भी स्वर्णकार अपनी दुकान खोलता है तो उसके खिलाफ संघ की तरफ से ठोस कार्रवाई की जाएगी। प्रधान सुरेश वर्मा ने कहा कि स्वर्णकार संघ पूंडरी का जो गठन किया गया है, वह स्वर्णकारों के हितों और उनकी रक्षा-सुरक्षा के लिए किया गया है। जिसके तहत स्वर्णकारों के कार्य को देखते है, गर्मी की तीन दिन का अवकाश रखा गया है, ताकि स्वर्णकार भी इस दौरान मानसिक व शारीरिक तौर पर आराम कर सकें और अपने परिवार के साथ छुट्टियां मनाए।

## खबर संक्षेप



### अंधड़ के कारण सड़क पर गिरे पेड़

**राजौंद।** बुधवार शाम को तेज अंधड के कारण नीम वाला मार्ग पर वृक्ष सड़क पर टूटकर गिरने से आने जाने वाले राहगीरों को निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बड़े वाहनों को तो निकलना भी मुश्किल हो गया लेकिन वन विभाग द्वारा एक दिन बीत जाने के बाद भी पेड़ को हटाने की जहमत नहीं उठाई । जिससे मार्ग पर आवा जावी पूरी तरह प्रभावित हो गई। इसके अलावा राजौंद के वार्ड नंबर 10 में बुधवार की रात को बिजली का खंभा टूटने से बिजली 5 घंटे तक बाधित रही।

### किठाना से गाड़ी चोरी, केस दर्ज

**कैथल।** गांव किठाना से चोर एक व्यक्ति की गाड़ी चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव के रजनीश ने राजौंद थाना में शिकायत दी कि वह पिकअप गाड़ी चलाता है। 18 जून को रात करीब 10 बजे उसने अपनी गाड़ी सड़क पर खड़ी कर रखी थी। वहां से अज्ञात आरोपी ने उसकी गाड़ी चोरी कर ली। उसे छह लाख 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। जांच अधिकारी सुखदेव ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अवैध कब्जा करने के आरोप में तीन पर केस

**कैथल।** गांव मूंदड़ी में तीन आरोपियों ने पंचायत की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पूंडरी के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ने पुलिस को शिकायत दी कि तीन जून को प्रशासन की टीम गांव मूंदड़ी में अवैध कब्जा हटवाकर निशानदेही करवाई थी। 14 जून को गांव के ही आरोपी प्रेम, मुल्तान व जोगिंद्र ने टीम की ओर से लगाए गए निशानों को हटा दिया और ट्रैक्टर व सुहागा लेकर फिर से जमीन पर कब्जा कर लिया। जांच अधिकारी हरपाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फुटबाल चैंपियनशिप के लिए ट्रायल 23 को

**जींद।** बीसी रॉय ट्राफी के लिए जिला जींद फुटबाल की ट्रायल 23 जून रविवार को शाम पांच बजे फुटबाल नर्सरी डूमरखां के फुटबाल मैदान पर ली जाएगी। इस ट्रायल में प्रतियोगिता के लिए जिले के टॉप खिलाड़ी चुने जाएंगे। चुने हुए खिलाड़ी फाइनल ट्रायल के लिए गुरुगराम में हरियाणा फुटबाल टीम के लिए ट्रायल देंगे। जिला फुटबाल संघ के सचिव देव आनंद ईसो ने बताया कि ट्रायल के लिए इच्छुक खिलाड़ियों को अपने-अपने ऑरिजनल बर्थ सर्टिफिकेट, आधार कार्ड साथ लाना होगा। ट्रायल में खिलाड़ियों का चयन कोच की निगरानी व तय मापदंडों के अनुसार होगा।

### अस्पताल में उपचाराधीन व्यक्ति की मौत

**जींद।** नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन व्यक्ति की वीरवार को मौत हो गई। मृतक अज्ञात व्यक्ति पांडु पिंडारा रेलवे स्टेशन के पास बेसुध हालत में मिला था। इसके बाद राजकीय रेलवे पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति को नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसका नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर शिनाख्त के लिए शवगृह में रखवा दिया है। वीरवार सुबह जीआरपी को सूचना मिली थी कि पांडु-पिंडारा रेलवे स्टेशन के पास 40 वर्षीय एक व्यक्ति बेसुध हालत में पड़ा हुआ है। सूचना पर जीआरपी मौके पर पहुंची और अज्ञात व्यक्ति को नागरिक अस्पताल में दाखिल करवायाए जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

---

### आंधी के कारण पेड़ टूटे, कई क्षेत्रों में बिजली बाधित रही

# आंधी के बाद बूंदाबांदी से बदला मौसम, हीट वेव से मिली राहत

22 जून तक परिवर्तनशील रहेगा मौसम, तापमान में आएगी गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। बूंदाबांदी से गीले हुए खेत। फोटो : हरिभूमि

पश्चिमी विक्षोभ के चलते हुई बूंदाबांदी ने न केवल रात को धूलभरी आंधी से निजात दिलाई बल्कि वीरवार दिन में भी भीषण गर्मी तथा हीट वेव से कुछ हद तक राहत दिलाई। बूंदाबांदी के कारण अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान में चार से पांच डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई। हालांकि आंधी से बिजली गुल हो गई। कुछ स्थानों पर पेड़ भी टूट कर गिर गए। राहत की बात यह रही कोई जनहानि नही हुई। वीरवार को अधिकतम तापमान 41.1 तथा न्यूनतम तापमान 31.1 दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 37 प्रतिशत तथा हवा की गति आठ किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार 22 जून तक मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। आकाश में बादलवाई बने रहने के साथ बूंदाबांदी की संभावना है। हवा की गति तेज होने के साथ बीच-बीच मे धूल उड़ने की संभावना है। किसान भी बारिश का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

**धूल भरी आंधी से बूंदाबांदी ने दिलाई राहत, रात का बिजली रही गुल:** पश्चिमी विक्षोभ के चलते बुधवार को मौसम दिनभर परिवर्तनशील बना रहा। दिनभर भीष्ण गर्मी तथा हीट वेव ने परेशान रखा। देर रात का मौसम ने करवट ली। तेज हवा के साथ धूल उड़ने लगी। जो आंधी मे तबदील हो गई। जिसके साथ बिजली भी गुल हो गई। कुछ स्थानों पर पेड़ भी टूट कर गिर गए। जिसके बाद आकाश में बादल घिर आए और बूंदाबांदी शुरू हो गई। जिसने आंधी तथा गर्मी से राहत दिलाई। रास्तों पर पडे.पेडों रात को ही हटा दिया गया। जबकि कुछ स्थानों पर वीरवार को बिजली बहाल हो पाई। जिसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

**बूंदाबांदी ने भीष्ण गर्मी तथा हीट वेव से दिलाई राहत, तापमान लुढका:** पिछले दो माह से भीष्ण गर्मी ने कोई कसर नही छोड़ी हुई है। अधिकतम तापमान 45 डिग्री पार तो रात का तापमान भी 35 डिग्री को पार कर गया। हीट वेव के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त रहता था। वीरवार को दिन का आगाज आकाश में घुमड़ते बादलों तथा बूंदाबांदी के साथ हुआ। जिसने भीष्ण गर्मी तथा हीट वेव से राहत दिलाई। हालांकि दिन चढ़ने के साथ बादल छट गए। हवा की गति भी मंद तथा 'यादा गर्म नही रही। जिसके चलते अधिकतम तापमान में भी चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई।

**22 जून तक परिवर्तनशील रहेगा मौसम, गर्मी से मिलेगी राहत:** मौसम विभाग के अनुसार 22 जून तक मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। आकाश में बादलवाई भी बनी रहेगी। बीच-बीच हवा की गति तेज होने के साथ धूल उड़ने तथा बूंदाबांदी की भी संभावना बनी हुई है। तापमान में कुछ गिरावट आने की संभावना है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार जून माह के अंत तक मानूसन दस्तक देगी। किसान खेतों को तैयार रखें। गर्मी को देखते हुए फसलो की सिचाई करें। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि 22 जून तक मौसम परिवर्तन शील रहेगा। बादलवाई भी बनी रहेगी। तेज हवा के साथ धूल उड़ने की संभावना है। कहीं-कहीं पर बूंदाबांदी भी हो सकती है। तापमान मे भी गिरावट आएगी।

---

# पश्चिमी विक्षोभ ने दिलाई गर्मी से राहत

■ तापमान में आई करीब 5 डिग्री तक गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

बुधवार देर शाम को पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से जिले में तेज अंधड़ के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई। इससे तापमान में चार डिग्री सेल्सियस की कमी आई है। इससे लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली है। वहीं, पश्चिमी विक्षोभ के असर से तीन दिन तेज हवाएं चलने व बारिश या बूंदाबांदी होने के आसार बने हैं। आगामी एक सप्ताह तक मौसम आमतौर पर साफ बना रहेगा और एक बार फिर से तापमान बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

गौरतलब है कि पिछले 20 दिनों से प्रदेश सहित जिले में भीषण गर्मी के चलते विकट परिस्थितियां बनी हुई थी। इसके साथ ही भीषण गर्मी और लू अपने प्रचंड तेवर दिखा रही थी। सुबह नौ बजे ही लू चलने लग जाती थी। मगर, पश्चिमी विक्षोभ की वजह से मौसम में बदलाव आया। अंधड़ के साथ हल्की बारिश ने इस भीषण गर्मी से हल्की राहत दिलाई। देर शाम करीब साढ़े आठ बजे अचानक तेज अंधड़ आई और पूरा आसमान में धूल ही धूल नजर आने लगी। इसके बाद नौ बजे हल्की बूंदाबांदी आई। जिससे ठंडी हवाओं के साथ भीषण गर्मी से राहत मिली। वीरवार को जिले का अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 32.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, करीब आठ किलोमीटर प्रति घंटा की गति से हवा चली।

किसान महावीर, रोहताश, सुरेश, प्रदीप चहल ने कहा कि बीते दिन हल्की बूंदाबांदी हुई है। जिससे गर्मी से तो हल्की राहत मिली, मगर धान की फसल के लिए यह बूंदाबांदी पर्याप्त नहीं है। इसके लिए और अधिक बारिश होनी चाहिए। ताकि धान की फसल की रोपाई अच्छे से हो सके।

**मौसम साफ रहेगा**

कृषि विज्ञान केंद्र के मुख्य समन्वयक डा. रमेश वर्मा ने बताया कि 21 व 22 जून को आसमान में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है। 23 व 24 जून को आमतौर पर मौसम साफ बना रहेगा। 25 जून को मौसम साफ बना रहेगा इसके साथ ही तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

### फसलों को होगा फायदा, बढ़ रही गर्मी से मिली राहत

**उचाना।** कई दिनों से बढ़ रहे तापमान के चलते परेशान लोगों को गुरूवार सुबह प्री-मानसून ने कुछ राहत देने का काम किया है। बुधवार देर रात को चली तेज हवाओं के चलते मौसम सुहावना हो गया था। सुबह बारिश से जहां फसलों को फायदा होगा तो बढ़ रहे तापमान से राहत मिलेंगी। किसान जगबीर, जोगिंद्र, राजेश ने कहा कि बढ़ रहे तापमान से हर कोई परेशान था। धान की रोपाई से पहले पौध को तैयार करने में किसानों को परेशानी हो रही थी। प्योद तापमान बढ़ने से खराब हो रही थी। ऐसे ही सब्जियों की फसलों को नुकसान हो रहा था। कपास की फसल को भी नुकसान होने लगा था। अब प्री-मानसून आने के बाद जुलाई माह में मानसून आने की उम्मीद है। तरषेम, राजा, सुरेश ने कहा कि तापमान बढ़ने से घरों से निकला मुश्किल हो गया था। सुबह ही गर्मी होने लगती थी। बाजारों में दोपहर को सन्नाटा पसर जाता था। दुकानदारों के कामों पर भी फर्क बढ़ रहे तापमान से पड़ रहा था। अब प्री-मानसून की दस्तक से कुछ राहत मिली। काफी दिनों से बारिश का इंतजार लोग कर रहे थे। सुबह बारिश होने से गर्मी कम हुई तो मौसम में भी बदलाव आया है। इससे लोगों को राहत मिली।

---

## पंचकूला से फिर आंदोलन को शुरू करेंगे वोकेशनल टीचर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



अनूप ढिल्लों जानकारी देते हुए।

मनोहर सरकार के बाद अब नायब सरकार के लिए भी वोकेशनल टीचर परेशानी बढ़ा सकते है। 24 जून से 26 जून तक प्रदेश के सभी जिलों से वोकेशनल टीचर अपनी मांगों को लेकर पंचकूला पहुंचेंगे। यहां पर न्याय आंदोलन के नाम से प्रदर्शन करेंगे। तीन दिनों तक उनकी मांगे पूरी नहीं होने पर अनिश्चित कालीन आंदोलन पंचकूला में शुरू करेंगे।

60 प्रतिशत से अधिक महिला कर्मचारी वोकेशनल टीचर में शामिल है। पूरे प्रदेश में टीमें पंचकूला में होने वाले प्रदर्शन को लेकर बनाई गई है। जानकारी देते हुए वोकेशनल टीचर एसोसिएशन रा'य प्रधान अनूप ढिल्लों ने बताया कि 24, 25 एवं 26 जून को हरियाणा के सरकारी स्कूलों में कार्यरत वोकेशनल टीचर बड़ा आंदोलन करने जा रहे है पंचकूला की धरती पर। ये हमारा आंदोलन न्याय आंदोलन के नाम से रहेगा। लगातार कई वषोर्ं से वोकेशनल टीचर अपने अधिकारों को लेकर संघर्ष कर रहे है। पिछले करीब अढ़ाई साल से न तो सरकार सुनवाई कर रही है न ही विभाग कर रहा है।

## सड़कों के विकास के लिए चार करोड़ मंजूर

**नरवाना।** प्रदेश सरकार ने नरवाना हल्के के लोक निर्माण विभाग से संबंधित चार करोड़ अट्ठाईस लाख छत्तीस हजार रुपए के कायोंर् को मंजूरी दी है। इन कायोंर् के निर्माण होने की जनता की काफी पुरानी मांग थी। जिसमें ढ़ाकल बाई पास रोड की मरम्मत हेतु 01 करोड़ 92 लाख 84 हजार रुपए, एनएच 71 से ढ़ाणी रोड के निर्माण हेतु 93 लाख 93 हजार रुपए, गांव धनौरी में सड़क के दोनों ओर नाले के निर्माण हेतु 24 लाख 93 हजार रुपए, बेलरखां से अंबरसर रोड पर सीसी फुटपाथ का निर्माण हेतु 01 करोड़ 16 लाख 66 हजार रुपए के विकास कार्य शामिल हैं। इसके साथ ही विधायक रामनिवास ने बताया कि नरवाना हल्के में पीडब्ल्यूडी विभाग के विकास कायोंर् हेतु लगभग बाईस करोड़ रुपए की धनराशि शेष है जिसके लिए सभी विकास कायोंर् के प्रांकलन भिजवा दिए गए हैं। जल्द ही उन विकास कायोंर् के मंजूरी मिल जाने से नरवाना हल्के की एक भी सड़क टूटी-फूटी नहीं रहेगी।

## कर्मचारियों की जोखिम भत्ता देने की मांग

■ अनुबंधित बिजली कर्मियों के जोखिम कार्य को देखते हुए रिस्क अलाउंस दिया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| !जींद





जींद। बैठक में भाग लेते हुए कर्मी। फोटो : हरिभूमि

भारतीय मजदूर संघ से संबंधित अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक प्रदेशाध्यक्ष कंवरपाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन प्रदेश महासचिव ओमवीर यादव ने किया। बैठक में संगठनात्मक विषय एवं आंदोलन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। जिसमें सभी पदाधिकारी के विचार और सहमति से आंदोलन का बिगुल बजाया गया। सभी पदाधिकारियों ने कहा कि चुनाव का समय है और पिछले साढ़े नौ साल से सरकार ने विद्युत विभाग के अनुबंधित कर्मचारियों के हित में कार्य नही किए हैं। जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। संगठन के मुख्य मांग सरकार द्वारा किसी भी प्रकार के रेगुलेशन पॉलिसी बनाने में विद्युत विभाग के सभी अनुबंधित कर्मचारी (कौशल रोजगार), निगम रोल, पार्ट टाईम, अनस्किल्ड सभी को शामिल किया जाए। जोखिम भरे कार्य को देखते हुए रिस्क अलाउंस दिया जाए, थर्मलों को लेकर 12 जून को हुए समझौते को लागू कर पॉलिसी में शामिल करना, कैशलेस मेडिकल पॉलिसी में शामिल करना, सेवानिवृत्त पर एक मुश्त राशि और जिन कर्मचारियों को अनुभव का लाभ नही दिया गया है, उन्हें अनुभव जोड़ना और अबतक सरकार, विभागीय और कौशल की हुई बैठकों में हुए सहमती को तुरंत प्रभाव से लागू करना है।

## गुजरात सरकार के फैसले पर खाप ने जताई खुशी

**जींद।** माजरा खाप पंचायत ने गुजरात सरकार द्वारा दिए गए उस फैसले का स्वागत किया है जिसमें प्रावधान किया गया है लव मैरिज के लिए मां व बाप की गवाही आवश्यक होगी। माजरा खाप के प्रधान गुरविंदर सिंह व महेंद्र सिंह सहारण ने कहा कि भले ही यह फैसला आधा अधूरा है, अगर लिव इन रिलेशनशिप को भी समाप्त कर दिया जाता तो सोने पर सुहागा होता लेकिन ऐसा नही किया गया है। माजरा खाप पंचायत ने हरियाणा सरकार से व केंद्र सरकार से अनुरोध किया है की लव मैरिज का कानून में मां व बाप की गवाही निश्चित की जाए और लिव इन रिलेशनशिप एक कानून को रद्द किया जाए। तीसरा कानून लड़की की शादी की उम्र को लेकर है जो सरकार 18 वर्ष से 21 वर्ष करना चहाती है।

---

## पूंडरी-फतेहपुर में मशीनों से करवाई नालों की सफाई

■ डीसी कैथल के निर्देश पर चलाया गया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



पूंडरी में मशीनों से नालों की सफाई करते हुए। फोटो : हरिभूमि

पूंडरी व फतेहपुर में अवरुद नालों की सफाई करने के लिए बीडीपीओ कार्यालय व फतेहपुर पंचायत के द्वारा एक सफाई अभियान चलाया गया। डीसी कैथल के निर्देशानुसार चलाए गए इस अभियान के तहत कैथल से तीन बड़ी सकिंग मशीन मंगवाई गई। जिनके द्वारा सड़क के साथ बने नालों की व्यापक स्तर पर सफाई करवाई गई। बता दें कि पिछले काफी समय से नालों में से पानी निकासी पूंडरी कैथल रोड, पूंडरी राजेंद्र रोड, पूंडरी करनाल रोड व हाबडी रोड नालों की बड़ी समस्या बनी हुई थी। जिसको लेकर के दुकानदार कई बार उच्च अधिकारियों से भी मिल चुके थे व प्रदर्शन भी भी किए थे। क्योंकि नाल अवरुद्ध रहने की वजह से नालों का पानी सड़क पर खड़ा रहता था, जिसकी वजह से दुकानदारों की बिक्री पर काफी असर पड़ता था और दुकानदारों द्वारा बार-बार नालों की सफाई करवाने को लेकर के प्रशासनिक अधिकारियों से अपील की जाती थी। लेकिन पंचायत और नगर पालिका के द्वारा नालों की सफाई कर्मियों के द्वारा सफाई करवा दी जाती थी, जो की सही तरीके से नहीं हो पाती थी। जिसके बाद डीसी कैथल प्रशांत पंवार से दो दिन पहले ही पूंडरी निवासी मिले, जिसपर डीसी कैथल ने तुरंत संज्ञान लेते हुए सफाई करवाने के निर्देश दिए। जिनके निर्देशानुसार कैथल से नालों की सफाई करने के लिए तीन सकिंग मशीन भेजी गई। जिसके द्वारा सफाई की गई।

**चल रहा अभियान**

बीडीपीओ पूंडरी राज सिंह ने बताया कि डीसी कैथल के निर्देश पर नालों की सफाई का अभियान चलाया गया है। सफाई के लिए तीन बारी सकिंग मशीनें भेजी गई है। जिससे सभी नालों की सफाई करवाई जाएगी।

## मेहनत से ही सफलता संभव : ओम प्रकाश

■ कंबोडिया में उत्कृष्ट सेवा प्रदर्शन के लिए राजा सिंह को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



गुहला-चीका। झींजर व मोहनलाल को उत्कृष्ट सेवा प्रदर्शन के लिए सम्मानित करते हुए कंबोडिया रेडक्रॉस सोसायटी के स्वास्थ्य उपनिदेशक डॉ चांथी व अन्य।

जहां एक शिक्षक विद्यार्थी जगत और समाज के लिए दर्पण का काम करता है वहीं सामाजिक और राष्ट्रीय एकता में महत्वपूर्ण योगदान रखता है। शिक्षक ही सामाजिक और राष्ट्रीय जागृति एवं विकास का कर्णधार होता है। यह विचार स्थानीय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरिगढ़ किंगन के इतिहास प्राध्यापक राजा सिंह झींजर की अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि के लिए पीठ थपथपाते हुए खंड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश ने कहे। ओम प्रकाश ने कहा कि हरिगढ़ सरकारी स्कूल के गोल्ड मेडलिस्ट प्राध्यापक राजा सिंह झींजर व पीड़ल सरकारी स्कूल के अध्यापक मोहनलाल ने कंबोडिया रेड क्रॉस सोसाइटी के साथ विभिन्न प्राथमिक चिकित्सा सहायता पद्धतियों, उद्देश्यों, तकनीक एवं प्रणालियों के बारे में अपने अनुभव एवं प्रशिक्षण को सांझा किया है। कंबोडिया रेडक्रॉस सोसायटी के स्वास्थ्य तथा आपदा प्रबंधन उपनिदेशक डॉ चांथी व डॉ यी सेम ओन ने उत्कृष्ट सेवा प्रदर्शन के लिए सराहा गया।

---

## 23 को खटकड़ में होगा मेधावी अभिषेक खटकड़ का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

अभी हाल ही मे हरियाणा सिविल सर्विस की परीक्षा मे प्रथम स्थान हासिल कर प्रशासनिक अधिकारी बने अभिषेक खटकड़ का स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम 23 जून को खटकड़ मे आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए खटकड़ के सरपंच सतबीर ने बताया की गांव मे दादा खेड़ा के प्रांगण मे समस्त ग्रामवासियों व स्पोर्ट्स गुरप खटकड़ की ओर से अभिषेक खटकड़ का स्वागत कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें जिले के प्रशासनिक अधिकारियों, आस पास के सम्मानित खाप नेता, किसान नेता, ग्रामीण व अन्य गणमान्य हस्तियों को गांव की ओर से आमंत्रित किया जाएगा। सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद के प्रदेश महासचिव अशोक आर्य ने बताया की अभिषेक खटकड़ गांव खटकड़ का पहला एचसीएस अधिकारी बना है जिसने यह उपलब्धि हासिल कर पूरे गांव का सम्मान बढ़ाया है। हमारे गांव का स्पोर्ट्स गुरप खटकड़ हमेशा से गांव की प्रतिभाओं का सम्मान करता रहा है ओर गांव की ऐसी प्रतिभा जिसने पुरे प्रदेश मे पहला स्थान हासिल किया हो उसे सम्मानित कर हम खुद को गौरवावित महसूस करेंगे। अभिषेक खटकड़ के सम्मान समरोह की तैयारी चल रही है।

### एसडीएम ने दोनों होनहारों के घर पहुंच कर दी बधाई

# अभिषेक खटकड़ और रितू शर्मा को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



उचाना। अभिषेक खटकड़ को सम्मानित करते हुए एसडीएम गुलजार मलिक।

एचसीएस की परीक्षा में नंबर वन रैंक प्राप्त करने वाले खटकड़ गांव के अभिषेक खटकड़, 30वां रैंक प्राप्त करने वाली उचाना कलां रतु शर्मा पुत्री दयानंद शर्मा को सम्मानित किया गया। एसडीएम गुलजार मलिक दोनों होनहार युवाओं को सम्मानित करने अपनी टीम के साथ पहुंचे। एसडीएम गुलजार मलिक ने कहा कि एचसीएस का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ है। खटकड़ गांव का जो अभिषेक है उसने पहला रैंक प्राप्त किया है। उसे डीएसपी रैंक मिली है। ये उचाना क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। विशेषकर खटकड़ गांव के लिए। पूरे परिवार, गांव को इसको लेकर बधाई देता हूं कि ऐसे होनहार बेटा खटकड़ गांव में पैदा हुआ। योग्यता के आधार पर युवाओं को नौकरी मिली है ये आपके सामने है। इससे दूसरे युवा भी प्रेरित होंगे। प्रेरित होकर वो भविष्य की तैयारी करते है।

### एचसीएस परीक्षा पास करने वाले चीका के अश्विनी गुप्ता का किया अभिनंदन



**गुहला-चीका।** एच.सी.एस. परीक्षा पास करने वाले चीका शहर के एक युवा अश्विनी गुप्ता का अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के दर्जनों लोग व विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के कई पदाधिकारी आज उनके घर आए और उनका अभिनन्दन किया। इस अवसर पर अश्विनी गुप्ता ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि वे साधारण परिवार से सम्बन्ध रखते हैं परंतु उन्हें शुरू से ही पढ़ने का शौक था और इसी शौक के चलते ही आज वह इतने बड़े पद पर पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल वे एक बैंक में जाब कर रहे हैं। गुप्ता ने बताया कि अब उनकी गुडगांव में ट्रेनिंग होनी है और उसके बाद ही उनकी नियुक्ति होगी। उन्होंने युवाओं को अपना संदेश दिया और कहा कि वे नशे से दूर रहें।